# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 23.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

...............

- प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव के लिए कडी सुरक्षा के बीच वोटो की गिनती जारी।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज जोधपुर एम्स के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से प्रदेश को नई पहचान मिलेगी।
- राज्य में सर्दी की रंगत तेज–कई स्थानों न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

...............

प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव के वोटो की गिनती शुरू हो गई है। सुबह 8 बजे से शुरू हुई मतगणना में सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने गये। इसके बाद ईवीएम के वोटो की गणना की जा रही है। ये उपचुनाव झुंझुनूं, रामगढ, दौसा, देवली–उनियारा, खींवसर, सलुम्बर और चौरासी विधानसभा सीट के लिए हुए है। इनके माध्यम से 69 उम्मीदवारों के सियासी भविष्य का फैसला होगा। दौसा में मतगणना पीजी कॉलेज, अलवर में बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, सलूम्बर विधानसभा की मतगणना उदयपुर के सूरजपोल के पीएमश्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में की जा रही है। खींवसर सीट के लिए मतगणना नागौर के विधि महाविद्यालय में और चौरासी विधानसभा सीट की मतगणना डूंगरपुर में श्री भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय में की जा रही है। डूंगरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि मतगणना 18 राउण्ड में पूरी होगी।

...............

नागौर जिले की खींवसर विधानसभा सीट की मतगणना बीस राउण्ड में पूरी होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि मतगणना के लिए 100 कार्मिक लगाये गये है।

...............

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि सभी सात सीटों की सुचारू और निष्पक्ष मतगणना प्रक्रिया त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 141 राउण्ड में 98 टेबलों पर की जा रही है। मतगणना स्थलों पर सीसीटीवी कवरेज और वीडियोग्राफी के इंतजाम किये गये है। हर केन्द्र पर रूझान और परिणाम की जानकारी देने के लिए मीडिया सेंटर बनाये गये है। प्रदेश की सात सीटों के अलावा 12 राज्यों की 39 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए भी वोटो की गिनती जारी है। महाराष्ट्र और झारखण्ड में हुए विधानसभा चुनाव के लिए भी आज मतगणना की जा रही है।

...............

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज शाम जोधपुर आयेंगे। श्री धनखड का हवाई अड्डे से सीधे भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जाने का कार्यकम है वे एम्स जोधपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। समारोह में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पदक प्रदान किये जायेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति जोधपुर एम्स में हाल ही में विकसित और संचालित नई तकनीकों से भी रूबरू होंगे।

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के **'मन की बात'** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जायेगा।

...............

राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती–2021 पेपर लीक मामले में दस ट्रेनी एसआई को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। वहीं अदालत ने डमी अभ्यर्थी के तौर परीक्षा में शामिल आरोपितों सहित कुल 9 लोगों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी है। न्यायाधीश गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश मामले में पेश कुल 19 जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का बड़े पैमाने पर आयोजन दिसम्बर महीने में 9 से 11 तारीख तक करने जा रही है। इस समिट के माध्यम से प्रदेश की पूरे देश में एक नई पहचान उभरेगी। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई समिट की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में उन्होंने कहा कि पार्टनर कन्ट्रीज को भी समिट की ब्रान्डिंग का हिस्सा बनाया जायेगा और इसकी जानकारी प्रमुख स्थानों पर दर्शाई जायेगी। श्री शर्मा ने अधिकारियों को समिट का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए।

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कई आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई एक समीक्षा बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को इसके लिए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान रोजगार उत्सव महिला और किसान सम्मेलन के आयोजन होंगे। वहीं राज्य और जिला स्तर पर विकास प्रदर्शनियां लगाई जायेंगी।

...............

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–**सीबीएसई** ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं इस योजना का लाभ ले सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 23 दिसम्बर है। विवरण, पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

0000

बालोतरा में बाड़मेर–जोधपुर नेशनल हाईवे नंबर 25 पर एक कार और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जोधपुर रैफर किया गया हैं। उधर हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा क्षेत्र में एक बेकाबू कार सड़क किनारे खडे ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर पाली जिले के बगड़ी में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बुजुर्ग की मृत्यु हो गई।

...............

प्रदेश में सर्दी अपनी रंगत दिखाने लगी है। कई स्थानों पर सुबह शाम तेज ठण्ड का असर देखा जा रहा है। वहीं 9 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से और आठ शहरों में 11 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। भीलवाडा, सीकर, चित्तौडगढ, उदयपुर, चूरू, सिरोही, जालौर में पारा दस डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी के साथ चल रही ठण्डी हवाओं ने प्रदेश में सर्दी का असर बढा दिया है। माउण्टआबू में आज न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सैल्सियस दर्ज

किया गया। हमारे सिरोही संवाददाता ने बताया कि सर्दी के तेवर तीखे होने के बावजूद अच्छी संख्या में सैलानी मौसम का लुत्फ ले रहे है।

......

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर और झुंझूनू जिले में घना कोहरा छाया हुआ है।

...............

सर्दी की रंगत तेज होने के साथ ही राज्य आपदा एवं प्रबंधन विभाग ने सभी जिला कलेक्टर्स को पत्र भेज कर आगामी सम्भावित शीत लहर से निपटने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को चौकस रखने और आम लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार सभी चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए है। विभाग ने रैन बसेरों में भी पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है।

...............

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में सैलानियों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है। घना प्रशासन की इस पहल से अब पर्यटको को टिकिट लेने के लिए लाईन में लगने की जरूरत नहीं होगी। उद्यान के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि उद्यान के मुख्य द्वार के अलावा शहर के पर्यटन स्थलों, होटलो और सार्वजनिक स्थानों पर भी क्यू आर कोड लगाये गये है।

...............